हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शुक्रवार, 10 फरवरी 2017, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण

www.livehindustan.com

जोनल स्पोर्ट्स मीट का समापन, एथलेटिक्स में एसआरएमएस ने मारी बाजी

क्रिकेट, चेस में फ्यूचर विजेता

बरेली | प्रमुख संवाददाता

फ्यूचर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में चल रहे डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी के जोनल स्पोर्ट्स मीट-2017 का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। इसमें सभी एकल व टीम विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। क्रिकेट, शतरंज में फ्यूचर और एथलेटिक्स में एसआरएमएस विजेता रहीं।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि आईवीआरआई के संयुक्त निदेशक डा. अनिल गर्ग, चेयरमैन मुकेश गुप्ता, महानिदेशक डॉ. मनीष शर्मा ने भी विजेताओं को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट दिए।

क्रिकेट में फ्यूचर इंस्टीट्यूट ने एसआरएमएस को हराया। शतरंज पुरुष व महिला वर्ग में विजेता फ्यूचर इंस्टीट्यूट रहा। वॉलीबॉल में एसआरएमएस ने बाजी मारी। लांग जम्प पुरुष में रेहान अहमद और महिला में मनीषा पाण्डे विजयी रहीं। हाई जंप पुरुष वर्ग में शुभम सक्सेना और महिला वर्ग में मनीषा पाण्डे विजयी रहीं। शॉटपुट पुरुष में विख्यात सिंह, शॉटपुट महिला में सिम्मी चौधरी, 100 मीटर पुरुष वर्ग में हरीश चौहान और महिला वर्ग में मनीषा पाण्डे ने पहला स्थान प्राप्त किया।

फ्यूचर में गुरुवार को हुई जोनल मीट में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया।

200 मीटर में रेहान अहमद और मनीषा पाण्डे विजयी रहीं। रेस 400 मीटर में मोहम्मद फैजान और अन्नपूर्ण सिंह विजयी रहीं। 800 मीटर में मोहम्मद फैजान, 400 मीटर महिला में कृति मोहन विजेता बनी। 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में अभिषेक कुमार, रेहान, हर्ष, प्रशांत प्रथम रहे। 4 गुणा 400 मीटर में रेहान, अक्षय, मोहम्मद इरफान, अभिषेक विजेता बने। बैडमिंटन में सौरभ, शुभम, केतन, अमन और बैडमिंटन महिला में हिमानी, निष्ठा, दिव्यांगी, ज्योति विजयी रहीं। फुटबॉल में एसआरएमएस सीईटी, बास्केटबॉल पुरुष में एसआरएमएस सीईटी विजयी रहा। इसके अलावा क्रिकेट में मैन ऑफ द मैच का खिताब फ्यूचर के छात्र अखिलेश ने हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन फ्यूचर ओलंपिक के मुख्य संयोजक डॉ. रितेश सक्सेना ने किया।